| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | **रामप्रकाश बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, भोपालगढ़)**<br>सू.अ. अपील संख्या 25/2023 | |

27/03/2024

अपीलार्थी रामप्रकाश निवासी प्लॉट नं. 946, बालाजी मंदिर के पीछे, लक्ष्मणनगर सी, रमजान हत्था, बनाड रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 28.08.2023 को (1) पटवारी ताराचंद बैरवा, भोपालगढ़ तहसील में कार्यरत के दौरान आज दिनांक तक प्राप्त तमाम शिकायतों मय जांच रिपोर्ट की नकलें व अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, भोपालगढ़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, भोपालगढ़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष ((तहसीलदार, भोपालगढ) से जरिये पत्रांक 341 दिनांक 30.10.2023 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी ने 5 बिन्दुओं की सूचना चाही थी जो पत्रांक 336 दिनांक 19.10.2023 के जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थी को प्रेषित की गई तथा जो सूचना दिये जाना संभव नही है उसके कारणों से प्रार्थी को उक्त पत्र के माध्यम से अवगत करवा दिया गया।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:18:54 IST
Reason: SelfAttested